# स्मार्ट मीटर को लेकर बदला लोगों का रूझान

## संपर्क अभियान और डेमो का असर, जिले में अब तक पांच हजार से अधिक लगे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में स्मार्ट विद्युत मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की धारणा में बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। शुरुआती दौर में जहां लोग भ्रांतियों के कारण स्मार्ट मीटर लगवाने में हिचकिचा रहे थे, वहीं अब विभागीय जागरूकता प्रयासों के चलते उपभोक्ता स्वयं आगे आकर अपने परिसरों में स्मार्ट मीटर लगवा रहे हैं। यह सकारात्मक परिवर्तन विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए प्रभावी संपर्क अभियान और सीधे दिए गए डेमो का परिणाम है।

**सरकारी दफ्तरों में शत-प्रतिशत स्थापना पूर्ण**

जिले में कुल लगभग 31 हजार घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ता हैं, जिनमें से अब




तक 5 हजार से अधिक कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। शहर के अधिकांश शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष बचे दफ्तरों में कार्य तेजी से अंतिम चरण में है।

**जागरूकता से दूर हुईं भ्रांतियां, खुद आगे आ रहे उपभोक्ता:**

डीई अजय तोमर ने बताया कि शुरुआत में उपभोक्ताओं के मन में स्मार्ट मीटर को लेकर कई तरह के भ्रम थे। इन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर लोगों को इसके पारदर्शी और सुविधाजनक पहलुओं से अवगत कराया। इसी जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर मंदसौर मिल निवासी पद्मा शर्मा जैसी कई उपभोक्ताओं ने अपनी पुरानी आशंकाओं को छोड़कर स्मार्ट मीटर अपनाया। जब उन्हें डेमो के माध्यम से मीटर की वास्तविक कार्यप्रणाली और सटीक बिलिंग के फायदे दिखाए गए, तो उन्होंने सहर्ष मीटर लगवाया और अब वे इसकी आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा रही हैं।

# रेलवे बोर्ड की फाइलों में अटका, मेमू के समय परिवर्तन का आदेश, जबलपुर से 27 जून को भेजा गया प्रस्ताव

**प्रस्ताव स्वीकृति के बाद अधिसूचना लंबित**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** रेलवे की व्यवस्था का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है, लेकिन जब जनहित से जुड़ा कोई निर्णय फाइलों की धीमी गति का शिकार हो जाए तो उसका सीधा असर आम यात्रियों की जिंदगी पर पड़ता है।बीना-रुठियाई क्षेत्र के यात्रियों के साथ वर्तमान में कुछ ऐसा ही हो रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय, जबलपुर से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 61626 बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन के रुठियाई से वापसी के समय में परिवर्तन का प्रस्ताव 27 जून 2026 को रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय को भेजा गया था। प्रस्ताव के अनुसार रुठियाई से इस मेमू का अंतिम फेरा रात्रि 8 बजे के स्थान पर लगभग रात्रि 8:40 बजे संचालित किया जाना है, ताकि इंदौर से आने वाले यात्रियों को बीना की ओर जाने के लिए रेल सुविधा मिल सके। जानकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद समय परिवर्तन संबंधी औपचारिक नोटिफिकेशन अथवा आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है तो आदेश जारी करने में आखिर इतनी देरी क्यों?

**चार फेरे बढ़ाने का उद्देश्य अधूरा**

क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जब बीना-गुना मेमू के फेरे बढ़ाकर रुठियाई तक किए गए थे, तब उम्मीद जगी थी कि मुंगावली, पिपरई, अशोकनगर, शाढौरा सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को इंदौर आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। मेमू के रुठियाई तक चार फेरे स्वीकृत होने के बाद क्षेत्रीय जनता की मांग पर विभिन्न संगठनों ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर अंतिम फेरे का समय बढ़ाने की मांग की थी। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय ने 27 जून को प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजा था।

## एक नजर में



**पंचमुखी हनुमान मंदिर में सावन सोमवार व प्रदोष व्रत पर उमड़ा आस्था का सैलाब**

**नवभारत अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में सावन के दूसरे सोमवार और प्रदोष व्रत के दुर्लभ संयोग पर धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में सुबह 6 बजे से ही भगवान नर्वदेश्वर एवं महाकालेश्वर स्वरूप पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शास्त्रीय विधि-विधान से शिव पुराण के अनुसार श्रद्धालुओं से पूजन एवं अभिषेक कराया। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से पंचामृत स्नान कराकर गंगाजल मिश्रित जल और रुद्राष्टक पाठ के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके बाद भस्म, अष्टगंध, बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर महाआरती की गई। कथा व पूजन के दौरान पंडित जी ने शिव महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ समदर्शी हैं, उनकी दृष्टि में राजा और रंक सब समान हैं। शिव पूजा में केवल केतकी का पुष्प और हल्दी वर्जित है, बाकी निष्कपट भाव से अर्पित जल और पत्र-पुष्प भी भगवान सहर्ष स्वीकार करते हैं। दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों के क्रम में शाम को मंदिर परिसर में हरि कीर्तन, ओम नम: शिवाय की धुन और धतूरे के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। प्रदोष काल में महाआरती के साथ संध्या पूजन संपन्न हुआ। मंदिर समिति ने जानकारी दी कि कल सावन शिवरात्रि का महापर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें चार पहर की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

**डाक कावड़ से मातंगेश्वर महादेव का किया गया जलाभिषेक**

**नवभारत अशोकनगर।** धार्मिक आस्था और अटूट श्रद्धा के साथ महाकाल सेवा समिति, मगरदा द्वारा भव्य डाक कावड़ यात्रा निकाली गई। समिति के लगभग 50 श्रद्धालुओं ने देवपुर सिरोंज से प्रात: 3 बजे पवित्र जल भरा और बिना रुके निरंतर दौड़ते हुए मोहरी स्थित मातंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। पूरी यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय बाबा महाकाल के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। मंदिर प्रांगण पहुंचने पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने सभी कावड़ियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात आचार्य पंडित जगदीश शर्मा और पुजारी दीपक चतुर्वेदी ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान मातंगेश्वर महादेव का महा-अभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस अवसर पर डॉ. दीपक मिश्रा ने भक्तों की कठिन साधना और भक्ति की सराहना करते हुए कहा कि सावन के पवित्र माह में श्रद्धापूर्वक किया गया जलाभिषेक भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त करने का माध्यम है। उन्होंने बाबा महाकाल से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन में संजय कुशवाहा, विनोद, सोनू, गौरव, आकाश ओझा, शिवचरण, राम भरोसा और विनोद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रशासन की सजगता से संवरी व्यवस्थाएं

## खबर का असर : तूमैन में हैडपंप सुधरा और कचनार स्कूल को मिली झूलते तारों से मुक्ति

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** स्कूलों में व्याप्त समस्याओं को लेकर नवभारत समाचार पत्र ने 8 अगस्त को प्रकाशित समाचार शिक्षा के मंदिरों में बदहाली पर स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और विद्युत विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मिसाल पेश की है। खबर प्रकाशित होते ही संबंधित जिम्मेदार एक्शन में आए और दोनों ही शासकीय विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं का तत्काल समाधान कर विद्यार्थियों को राहत प्रदान की। प्रशासन, ग्राम पंचायत और बिजली विभाग के इस समन्वित प्रयास और तत्परता की हर तरफ सराहना हो रही है।

उल्लेखनीय है कि तूमैन स्कूल में हैंडपंप खराब होने से बच्चों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा था। मामला सज्ञ में आते ही सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसी दिन हैंडपंप की मरम्मत करवा दी। अब बच्चों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। सरपंच की इस त्वरित प्रतिक्रिया और कार्यशैली की ग्रामीणों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।





अशोक नगर

शिक्षा के मंदिरों में बदहाली : कहीं पीने के पानी को तरस रहे नौनिहाल, तो कहीं सिर पर मंडरा रहा मौत का खतरा

समस्या बताने और शिकायत करने के बाद भी बच्चों की समस्या की ओर नहीं दिया जिम्मेदारों ने ध्यान

कचनार में झूलते बिजली के तारों के नीचे पढ़ाई, मंडरा रहा हादसों का डर:

तूमैन में 20 दिनों से खराब हैंडपंप

**संसाधनों की कमी के बावजूद विद्युत विभाग ने दिखाई तत्परता**

कचनार स्कूल परिसर में कम ऊंचाई पर झूल रहे बिजली के तारों से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ था। समाचार प्रकाशित होने पर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता महेश बारमाटे ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तुरंत कार्ययोजना बनाई। पर्याप्त मशीनरी और संसाधनों की चुनौती के बावजूद बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्परता से नया विद्युत पोल गाड़ दिया गया। अब तार सुरक्षित ऊंचाई पर पहुंच गए हैं।

# युवक को बदमाशों ने मारते हुए गाड़ी पर बैठाया, अपने साथ ले गए, रास्ते में छोड़ा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अथाईखेड़ा में दिनदहाड़े बदमाश एक युवक का पल्सर मोटरसाइकिल पर मारपीट कर अपने साथ ले गए।

घटना की जानकारी लगने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने तुरंत युवक की खोजबीन शुरू कर दी। बदमाशों को पुलिस के पीछे होने की जानकारी लगने पर युवक को राजपुर पेट्रोल पंप के पास खेत में बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गये। पीछे चल रही पुलिस ने खेत से युवक को उठाया और पुलिस चौकी ले गई। पुलिस ने बदमाशों के विरूद्ध अपहरण व मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। अनुसार रविवार शाम 4 बजे घनश्याम साहू के घर के सामने अभिषेक पुत्र विष्णु ओझा (24) अपना डीजे वाहन चला रहा था तभी विवाद होने पर जीतू यादव, गोलू साहू व अभिषेक यादव आये और युवक को डीजे वाहन से उतारकर मारपीट करने लगे और जीतू यादव व अभिषेक यादव पल्सर मोटरसाइकिल पर बिठाकर अपने साथ ले गए और गांवों के रास्ते से करीला रोड़ तरफ से राजपुर की ओर ले गये। पीछे पुलिस के होने पर बदमाष युवक को राजपुर पेट्रोलपंप के पास छोड़कर चले गये। इस दौरान युवक के साथ लगातार मारपीट की गई। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सर्चिंग शुरू कर दी। जिसके चलते बदमाश उसे रास्ते में छोड़ गए। पुलिस ने आरोपी जीतू यादव निवासी ढेंकन, अभिषेक यादव बमनाई हवेली थाना देहात व गोलू साहू अथाईखेड़ा के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 140(3) अहपरण व 115(2) मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# चंदेरी के साकिब को उत्कृष्ट बुनाई कला के लिए मिला प्रथम पुरूस्कार, सीएम ने किया सम्मानित

**अंतर्राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

**प्रशस्ति पत्र और मिली एक लाख की धन राशि**

नवभारत न्यूज

**चंदेरी। अंतरराष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में चंदेरी की समृद्ध बुनकर परंपरा का मान बढ़ा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट बुनाई कला एवं अद्वितीय शिल्पकला के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। इसमें चंदेरी के उभरते बुनकर साकिब अहमद पिता महमूद अहमद को उनकी उत्कृष्ट बुनाई कला और बेजोड़ शिल्प कौशल के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।**

मुख्यमंत्री ने साकिब अहमद को प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र और 1,00,000 (एक लाख



रुपये) की सम्मान राशि प्रदान की। इस अवसर पर हस्तशिल्प और बुनाई क्षेत्र की अन्य प्रतिभाओं को भी द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल साकिब अहमद की कड़ी मेहनत, समर्पण और हुनर की जीत है, बल्कि चंदेरी की सदियों पुरानी समृद्ध बुनाई और हस्तशिल्प विरासत के लिए भी अत्यंत गौरव का क्षण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर चंदेरी के हथकरघा उद्योगपतियों और गणमान्य नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। शहर के प्रमुख साड़ी व्यवसायियों और नागरिकों आलोक कठरया आयोजक, गौरे लाल फूल चंद, टुनटुनी ब्रदर्स, मोटामल ब्रदर्स, मनोहर लाल, विजय कोली, अशोक लालमणि, चंदेरी वाला पुणे एवं मनोज जैन ने साकिब अहमद को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से चंदेरी साड़ी उद्योग को एक नई दिशा और पहचान मिलेगी।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

**बैठक में कार्यक्रम को लेकर बनाई रूपरेखा**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षदों, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रभारियों सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गईं।

बैठक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 7:30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सभी विद्यार्थी 8:45 बजे शासकीय उत्कृष्ट उमावि शाढ़ौरा के प्रांगण में पहुंचेंगे। सुबह 9 बजे नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात तहसीलदार द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।



समारोह में स्काउट-गाइड द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए समिति का गठन भी किया गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में नगर परिषद शाढ़ौरा क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विद्यालयों से टॉपर विद्यार्थियों की सूची निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायकों के चयन तथा विद्यालयों की सहभागिता को लेकर भी जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। बैठक में तहसीलदार ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों के विद्यार्थी अपने संस्था प्रभारियों एवं शिक्षकों के साथ प्रभातफेरी एवं मुख्य समारोह में अनिवार्य रूप से शामिल हों। साथ ही समारोह को राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों से ओत-प्रोत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## धर्म-कर्म

**मुंगावली में वेतवा नदी, शाढ़ौरा में सिंध नदी के जल से किया भगवान शिव का जलाभिषेक, ताराई में सोरोजी के जल से किया भगवान शंकर महाअभिषेक**

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार को जगह-जगह निकली कावड़ यात्रा, विधायक ने बरसाए फूल

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर नगर में भव्य विशाल कावड़ यात्रा महाकाल सेवा समिति के द्वारा निकाली गई बता दें कि इस यात्रा को सोमवार को प्रात: कंजिया ग्राम में वेत्रवती नदी के किनारे श्री चिंतेद्धेश्वर महादेव मंदिर से काबड़ियो द्वारा पहले श्री चिंतेद्धेश्वर महादेव का अभिषेक करते हैं जिसके बाद शिवभक्त अपने पात्रों में गंगाजल भरते हैं और कावड़ को बांधकर कंधों पर लटका कर लाते है और यह जल से नगर में स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में ओर अन्य शिवालयों में अर्पित करते हैं । यह कावड़ यात्रा जो लगभग 10 किलोमीटर पैदल चलकर कावड़िया कावड़ कंधों पर



रखकर नंगे पैर बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों के साथ कई गांव से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुँचती तो बही इस विशाल काँवड यात्रा का गांव गांव ओर शहर में भी जगह जगह स्वागत किया जाता है ,बता दें कि इस बार भी पूर्व मंत्री और विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के द्वारा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तो बही इस कांवड़ यात्रा में अपनी सहभागिता कर कांवड़ियों का सम्मान भी किया।

तो बही श्री लक्ष्मीनारायण मल्हारगढ़ मंदिर के पूज्य संत महंत मंडलेश्वरश्री 1008 रामगोपाल दास महाराज को पुष्पमाला पहनाकर आशीर्वाद लिया और श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक कर क्षेत्र में खुशहाली और सुखसमृधी की कामना की साथ में विशाल कावड़ यात्रा में प्रथम और द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कांवड़ियों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित भी किया। विशाल भव्य कावड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सहित थाने से पुलिस के जवान भी लगाए गए थे।

## पवित्र धाम सोरोजी से जलकर ताराई पहुंचा कावडियां, हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ग्रामीण अंचल में धार्मिक आस्था और लोक-कल्याण की भावना के साथ कावड़ यात्राओं का दौर जारी है। इसी क्रम में ग्राम तारई के निवासी पुष्पेंद्र लोधी द्वारा सोरोजी (सोरो जी धाम) से अपने गांव तारई के लिए एक भव्य पैदल कावड़ यात्रा शुरू की गई जो सावन के दूसरे सोमवार को सपन्न हुई। यह कावड़ यात्रा विशेष रूप से गांव की सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी फसल की मनोकामनाओं की पूर्ति के उद्देश्य से निकाली जा गई। यात्रा में शामिल कावड़िए सोरोजी के पवित्र धाम से गंगाजल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पैदल मार्ग से तारई पहुंचे, जजहां उन्होंने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया गया। तो वहीं कावड़ियों का गांव में प्रवेश के दौरान ग्रामीणों



ने स्वागत किया। तो वहीं डीजे के साथ यह कावड़ यात्रा के गांव के शिव मंदिर पहुंची। ग्राम तारई के सरपंच अरविंद पटेल ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और भक्तों में अभूतपूर्व उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल है। कावड़ यात्रा मार्ग में भोलेनाथ के जयकारों की गूंज बनी हुई थी।

**सिंध नदी के जल से श्रद्धालु ने कुंडलपुर में किया महाअभिषेक**

**शाढ़ौरा।** नगर के शिवभक्तों ने कावड़ यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। कावड़ यात्रा सिंध नदी के पीली घाट से प्रारंभ हुई, जहां धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं ने कावड़ों में पवित्र जल भरा और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ शाढ़ौरा के लिए रवाना हुए। सभी श्रद्धालु उत्साहपूर्वक हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। कावड़ यात्रा के कुंडलपुर धाम पहुंचने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और सिंध नदी से लाए पवित्र जल से महाअभिषेक किया।